दैनिक दबंग दुनिया
इंदौर, गुरुवार, 28 अक्टूबर 2021
निष्पक्ष नजर, निष्पक्ष खबर
देश का सबसे चर्चित संपूर्ण हिन्दी अखबार

इंदौर के उद्यमियों के लिए जिमी मिस्त्री के डीएलसी का इंदौर चैप्टर शुरू

इंदौर। इंदौर से नाता रखने वाले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैले दुनिया के पहले बिजनेस प्लेटफॉर्म डेला लीडर्स क्लब (डीएलसी) के संस्थापक जिमी मिस्त्री ने शहर के उद्यमियों के लिए डेला ग्रुप के इंदौर चैप्टर की शुरूआत की। आपने कहा इंदौर हमेशा मेरे बहुत करीब रहा है क्योंकि मेरी जड़ें यहीं हैं। ऐसा लगता है कि मैं डीएलसी इंदौर चैप्टर लॉन्च के साथ घर वापस आ गया हूं। हम डीएलसी के ग्लोबल प्लेटफॉर्म पर इंदौर का सह-निर्माण, सहयोग और प्रदर्शन करना चाहते हैं। डीएलसी के 6 चैप्टर न्यूयॉर्क, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, बैंकॉक जैसे शहरों के साथ साथ इंदौर समेत 9 भारतीय शहरों में भी हैं। इस ग्रुप से 2200 से अधिक मेम्बेर्स जुड़े है जो दुनिया भर में अपने अपने पेशे में उचाईयों को छू रहे है। डीएलसी इंदौर चैप्टर को लिंक्डइन के सह-संस्थापक नेविल गौंट और लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) रेमंड नोरोन्हा ने लांच किया। नेविल 'कैन यू हैंडल द ट्रुथ' किताब के सह-लेखक भी है। वही लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) नोरोन्हा ने परम विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल (दो बार) और कई सेना मेडल और पदक प्राप्त किए हैं। जेआरडी टाटा के नक्शेकदम पर चलने वाले जिमी मिस्त्री कहते हैं इंदौर में शुरू हुए डीएलसी के इंदौर चैप्टर से इंदौर के युवाओं को और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किस तरह से बिजनेस को ले जाया जाता है साथ ही किस तरह से बिजनेस को आगे बढ़ाया जाता है और इस तरह की कई बातों को इस समूह से जुड़ने के बाद सिखाया और बताया जाएगा। हाल ही में डीएलसी का दुनिया के पहला बिजनेस प्लेटफार्म के 15 चैप्टर को एक कार्यक्रम में मंत्री नितिन गडकरी, आदित्य ठाकरे और डॉ शशि थरूर द्वारा लॉन्च किया गया था।